RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

जनता की सेवा करें, लगातार हर बार।
एक बार क्या बनेगी, बार-बार सरकार।
बार-बार सरकार, समझ लें यह सच्चाई।
जिसने पाया प्यार, उसी ने सत्ता पाई।
कह साहिल कविराय, काम ऐसे ही बनता।
जन को चाहें आप, तभी चाहेगी जनता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 150 | TUESDAY DATE 23-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# लखनऊ कोचिंग इंस्टीट्यूट में भीषण आग से 14 की मौत, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की पुष्टि

### चीख-पुकार के बीच 11 को बचाया गया; 4 की हालत गंभीर

लखनऊ, 22 जून (आईएएनएस)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक कोचिंग इंस्टीट्यूट में सोमवार को लगी भीषण आग में अब तक 14 लोगों की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की। मरने वालों में ज्यादातर छात्र शामिल हैं। घटना स्थल पर बचाव कार्य तेजी से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम योगी ने कहा, 'लखनऊ में अग्निकांड की चपेट में कुछ बच्चे हैं, जिसमें कुछ की दुखद मौत हुई है। प्रशासन राहत कार्यों में लगा हुआ है।' उन्होंने फौरन लखनऊ रवाना होने की जानकारी दी और कहा कि वे पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना व्यक्त करने के साथ-साथ घटना की गहराई में जाकर दोषियों को सजा दिलाएंगे। उन्होंने यूपी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अपर मुख्य सचिव गृह को मौके पर पहुंचकर






रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे से काफी भावुक नजर आए। उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया, 'कुल 13 बच्चों को बाहर निकाला गया है, जिन्हें तुरंत अस्पताल भेज दिया गया। यह एक बड़ी घटना है। अंदर धुआं भरा हुआ है। लकड़ी के बहुत सारे फर्नीचर के कारण धुआं इतना घना है कि कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा। फायर ब्रिगेड की टीमें अंदर काम कर रही हैं। एनडीआरएफ की टीमें भी मौके पर मौजूद हैं।' पाठक ने बताया, 'यह एक एनिमेशन सेंटर था, जहां बच्चे कार्टून बनाने और एनिमेशन की ट्रेनिंग लेने आते थे। उनकी उम्र लगभग 16-17 साल थी। मैंने अपनी आंखों से 14 शव देखे हैं।' घटना अचानक हुई और अभी तक इसके कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर अभी भी छह एंबुलेंस तैनात हैं। घायलों को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) ट्रॉमा सेंटर भेजा जा रहा है। वहीं, केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. के. के. सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए बताया, 'सात लोगों को यहां लाया गया है।...

## संक्षिप्त ताजा खबरें

### शाह 'नाफेड' के नीलामी पोर्टल 'नेफेक्स इन' का शुभारंभ करेंगे

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह मंगलवार को यहां



अटल अक्षय ऊर्जा भवन में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ 'नाफेड' के नीलामी पोर्टल 'नेफेक्स इन' का शुभारंभ करेंगे। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नाफेड के अध्यक्ष जेठाभाई अहीर, प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री शाह नाफेड की कई महत्वपूर्ण डिजिटल और किसान-केंद्रित पहलों का शुभारंभ करेंगे।

### बीएसईएस को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका, कैग ऑडिट कैंसिल करने की याचिका खारिज




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें कंपनी ने नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) के ऑडिट नोटिस को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि फिलहाल कैग ने केवल नोटिस जारी किया है और ऑडिट की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के कैग ऑडिट पर कोई रोक नहीं है। बशर्ते सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दिशा-निदेशों का पूरी तरह पालन किया जाए। कोर्ट ने कहा कि बीएसईएस को अपना पक्ष रखने और आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अधिकार है। कैग को भी ऑडिट शुरू करने से पहले कंपनी को सुनवाई का मौका देना होगा और नियंत्रक और महालेखा परीक्षक एक्ट की धारा 20 के तहत तय प्रक्रिया का पालन करना होगा।

# लाइसेंस-एनओसी के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे दफ्तरों के चक्कर : रेखा गुप्ता

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।**

दिल्ली सरकार ने सुशासन, पारदर्शिता और जनसुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 23 नयी सेवाओं को दिल्ली राइट ऑफ सिटिजन टू टाइम बाउंड डिलीवरी ऑफ सर्विसेज एक्ट, 2011 के तहत समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था में शामिल किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि इस निर्णय से आम नागरिकों के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, होटल, पर्यटन, निर्माण और सेवा क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों तथा आम जन को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य नागरिकों और कारोबारियों को सरकारी सेवाएं निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराना है।

अब विभिन्न विभागों से मिलने वाली महत्वपूर्ण अनुमतियां, लाइसेंस, पंजीकरण और अनापत्ति प्रमाणपत्र तय समय सीमा के भीतर जारी किये जायेंगे। इससे अनावश्यक देरी और कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या में कमी आयेगी।

सरकार देश की राजधानी दिल्ली को निवेश, व्यापार और रोजगार के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

समयबद्ध सेवा वितरण व्यवस्था न केवल नागरिकों का अधिकार सुनिश्चित करेगी बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही को भी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने के लिए लगातार सुधार किये गये हैं।

### मालवीय नगर अग्निकांडः दिल्ली मुख्यमंत्री ने पीड़ितों के परिजनों को अनुग्रह राशि सौंपी



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को मालवीय नगर के हौज रानी में लगी आग और साकेत के सैदुलजाब में इमारत गिरने से जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने दोनों घटनाओं में मृतकों और घायलों के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज मालवीय नगर और सैदुलजाब में हुई दुखद घटनाओं में अपनों को खोने वाले परिवारों से मुलाकात की, आर्थिक सहायता प्रदान की और अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि दुख की इस घड़ी में दिल्ली सरकार प्रत्येक पीड़ित परिवार के साथ सहानुभूति से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर काम करते हुए दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठा रही है कि ऐसी त्रासदी दोबारा न हो। प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और कल्याण सर्वोपरि है, और सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्कता और तत्परता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का निर्देश दिया गया है।

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जम्मू दौरे पर पासपोर्ट सेवाओं में देरी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान पासपोर्ट सेवाओं की कार्यप्रणाली को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सोमवार को बताया कि जम्मू में विदेश मामलों



की संसदीय स्थायी समिति की एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) और पासपोर्ट सेवा केंद्रों के कामकाज की समीक्षा की गई। शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, 'बैठक के दौरान पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में हो रही देरी, पुलिस वेरिफिकेशन में लगने वाले समय और अन्य प्रशासनिक बाधाओं पर अधिकारियों से तीखे सवाल पूछे गए। इस बैठक में पासपोर्ट विभाग के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पुलिस, सीआईडी और डाक विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे। कई मामलों में अनावश्यक देरी की शिकायतें सामने आई हैं, जिन्हें गंभीरता से उठाया गया और अधिकारियों ने सुधार का आश्वासन दिया है।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बताया, 'संसदीय समिति ने जम्मू स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र का दौरा किया। प्रारंभिक निरीक्षण में इन संस्थानों का कामकाज संतोषजनक और व्यवस्थित प्रतीत हुआ, लेकिन सुधार की गुंजाइश को भी स्वीकार किया गया है।'

# साइकिल टेंडरिंग का खेल : डीलर ने चटाई देश की नामी इंटरनेशनल साइकिल कंपनियों को धूल

### नामी कंपनियों को धोबी पछाड़ देकर माटा स्पोर्ट्स ने हासिल किया 1,30,000 साइकिलों का टेंडर

» **लुधियाना, यूटर्न/ 22 जून ।**

सरकारी टेंडरों की बैसाखी पर निर्भर बन चुकी भारतीय साइकिल इंडस्ट्री एक बार फिर बड़े टेंडर को लेकर चर्चा में आ गई है। इस बार मामला दिल्ली सरकार द्वारा पहली बार टेंडरिंग प्रणाली के जरिए निकाले गए 1.30 लाख एमटीबी साइकिलों के ऑर्डर से जुड़ा है। करीब 90 करोड़ रुपये के इस टेंडर में देश की नामी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाली साइकिल कंपनियों को धोबी पछाड़ अर्थात पीछे छोड़कर दिल्ली के एक साइकिल डीलर *माटा स्पोर्ट्स* द्वारा *छ-1* के रूप में टेंडर हासिल कर लिया गया, जिसे लेकर उद्योग जगत में कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, जैम पोर्टल के माध्यम से निकाले गए इस टेंडर में पहली बार सामान्य ब्लैक साइकिलों की बजाय एमटीबी साइकिलों की मांग करने की नई शुरूआत हुई है। टेंडर कीमत के अनुसार प्रति साइकिल करीब 7 हजार रुपये की




कीमत आंकी जा रही है। टेंडर में भाग लेने के लिए वित्तीय योग्यता के तौर पर पिछले तीन वर्षों की औसत सालाना टर्नओवर 360 करोड़ रुपये रखी गई थी। उद्योग जगत का कहना है कि इस स्तर की वित्तीय शर्त केवल देश की चुनिंदा बड़ी साइकिल कंपनियां ही पूरी कर सकती हैं।

**माटा स्पोर्ट्स को साइकिल जुटाने में हो सकती है परेशानीः** चर्चा है कि माटा स्पोर्ट्स द्वारा देश की नामी साइकिल कंपनियों को धोबी पछाड़ देते हुए टेंडर हासिल करने से बड़ी कंपनियों के आत्मसम्मान को ठेस पहुंच सकती है। ऐसे में ये कंपनियां माटा स्पोर्ट्स को बाजार से साइकिल सोर्स एवं इकठ्ठा करने में परेशानी दे सकती हैं। इसलिए टेंडरों में अपनी साख बचाने के लिए माटा स्पोर्ट्स को कॉरपोरेट बिजनेस लड़ाई का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा हुआ तो कोई बड़ी बात नहीं कि माटा स्पोर्ट्स साइकिल सप्लाई ही न कर सके।

**90 करोड़ 44लाख में हांसिल किया टेंडरः** इसी बीच हैरानी तब और बढ़ गई, जब टेंडर प्रक्रिया में शामिल देश की प्रतिष्ठित कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए दिल्ली के माटा स्पोर्ट्स ने यह टेंडर हासिल कर लिया। बताया जा रहा है कि 1 लाख 30 हजार एमटीबी साइकिलों के लिए निर्धारित इस टेंडर को माटा स्पोर्ट्स ने करीब 90 करोड़ 44 लाख 10 हजार रुपये में हासिल किया है।

**टेंडर में ये रही नामी कंपनियां रही छ-2 और ल-३ः** दिल्ली सरकार का साईकिल टेंडर देशभर की साइकिल इंडस्ट्री में चर्चा का बड़ा विषय बन गया है। क्योकि एक साइकील डीलर द्वारा बड़ी बड़ी कंपनियों को गच्चा देकर डीलर का टेंडर हांसिल करना अपने आप में बड़ी चर्चा बन गया है टेंडर की ल-2 और **छ-3 रही कंपनियों में हीरो इकोटेक और एवन साईकिल जैसी रही ।

उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि टेंडर की वित्तीय शर्तें भी सवालों के घेरे में हैं। 90 करोड़ रुपये के टेंडर के लिए तीन वर्षों की औसत सालाना सेल 360 करोड़ रुपये रखना अपने आप में बड़ी शर्त है। तुलना की जाए तो पश्चिम बंगाल में 10 लाख साइकिलों के टेंडर के लिए 200 करोड़ रुपये औसत टर्नओवर और झारखंड में 4 लाख साइकिलों के टेंडर के लिए पिछले तीन वर्षों की 300 करोड़ रुपये प्रति वर्ष टर्नओवर की शर्त रखी गई थी। ऐसे में 1.30 लाख साइकिलों के टेंडर में 360 करोड़ रुपये की शर्त ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# एसजीएमएच-दिल्ली भर्ती 2026: रेजिडेंट डॉक्टर के 58 पदों पर नौकरी का अवसर, 2 जुलाई को वॉक-इन इंटरव्यू

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।

संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसजीएमएच), दिल्ली ने अपने विभिन्न विभागों में रेजिडेंट डॉक्टरों के कुल 58 खाली पदों को एड-हॉक (अस्थायी) आधार पर भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से तय प्रारूप में आवेदन एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की है। यह नियुक्ति 89 दिनों की अवधि के लिए या नियमित उम्मीदवार के कार्यभार संभालने तक (जो भी पहले हो) के लिए होगी। एसजीएमएच-दिल्ली की ओर से जिन विभागों में रेजिडेंट डॉक्टरों के कुल 58 पदों पर रिक्तियों की घोषणा की गई है, उनमें मेडिसिन से 10, ऑर्थोपेडिक्स से 3, सर्जरी से 4, पीडियाट्रिक्स



से 8, ऑब्सटेट्रिक्स और गायनेकोलॉजी से 2, एनेस्थीसिया से 7, रेडियोलॉजी से 8, फोरेंसिक मेडिसिन से 1, ईएनटी (कान, नाक, गला) से 6, आंख से 3, माइक्रोबायोलॉजी से 1 और पैथोलॉजी से 5 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी/संस्थान से संबंधित स्पेशियलिटी में रेजिडेंसी स्कीम के तहत एमबीबीएस के साथ पीजी डिग्री/डिप्लोमा/ डीएनबी होना चाहिए। इसके साथ ही उम्मीदवारों के पास एमबीबीएस और जरूरी पोस्ट ग्रेजुएट क्वालिफिकेशन के साथ दिल्ली मेडिकल काउंसिल (डीएमसी) में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए या फिर कैंडिडेट ने डीएमसी रजिस्ट्रेशन के लिए अप्लाई किया हो और वॉक-इन-इंटरव्यू के समय अप्लाई करने का सबूत उसके पास हो।

वहीं, आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में रेगुलर या एड-हॉक आधार पर 3 वर्ष की सीनियर रेजिडेंसी पूरी न की हो। आवेदकों की अधिकतम आयु 45 वर्ष तय की गई है, जिसकी गणना इंटरव्यू के तिथि के आधार पर की जाएगी। वहीं, आरक्षित श्रेणी से आने वाले कैंडिडेट्स को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी। योग्य अभ्यर्थियों का चयन वॉक-इन-इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के आधार पर किया जाएगा, जिसके बाद चयनित कैंडिडेट्स की सैलरी 67,700 से 2,08,700 रुपए के बीच प्रतिमाह होगी। इसी के साथ कैंडिडेट्स को अन्य लाभ और भत्ते भी दिए जाएंगे। वॉक-इन-इंटरव्यू 2 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे। ऐसे में जो योग्य उम्मीदवार इन पदों पर नियुक्त होने के लिए साक्षात्कार में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच एसजीएमएच हॉस्पिटल के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक में चौथी मंजिल पर बने कॉन्फ्रेंस हॉल में रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्स (फोटोकॉपी और ओरिजिनल) के साथ रिपोर्ट करना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### रेडीमेड कपड़ों की फैक्टरी में लगी आग

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित रेडीमेड कपड़ों की फैक्टरी में रविवार शाम करीब 7 बजे अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने एक वाटर टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि या बड़ा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया की ट्रोनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर डी1 में भुट्टो खान नाम की महिला रेडीमेड कपड़े बनाने की फैक्टरी संचालित करती हैं। देर शाम अचानक उसमें आग लग गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। बताया कि आग फैक्टरी के भूतल पर बने टीन शेड में रखे कपड़ों के थान में लगी थी। एक वाटर टेंडर की मदद से तुरंत आग को बुझा कर हालात पर काबू पाया गया। बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगने की बात सामने आ रही है, हालांकि जांच के बाद इसकी पुष्टि की जाएगी।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो घायल

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र स्थित एमएम रोड पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। दोनों दिल्ली के सीलमपुर निवासी आसिफ और खजूरी के सद्दाम हैं। दोनों शनिवार को अपने परिचित से मिलने डीएलएफ कॉलोनी आए थे। आसिफ ने बताया कि जब वह डीएलएफ कॉलोनी स्थित एमएम रोड के पास पहुंचे तभी पीछे से आए एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर दोनों के हाथ पैर में चोट आई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को संयुक्त अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि दोनों घायलों की हालत ठीक है, प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया गया है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

## सुहरावर्दी के हाथ बेगुनाहों के खून से रंगे थे, रोड का नाम बदलना उचित: मुख्तार अब्बास नकवी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने पश्चिम बंगाल में सुहरावर्दी एवेन्यू रोड का



नाम बदलने, शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने, नीट परीक्षा विवाद और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन का प्रस्ताव के मुद्दों पर प्रतिक्रियाएं दी। पश्चिम बंगाल में सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदलने पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, 'आजादी की लड़ाई के दौरान सुहरावर्दी ने सैकड़ों लोगों के कत्ल कराए थे। हुसैन सुहरावर्दी के हाथ बेगुनाहों के खून से रंगे हुए थे, ये इतिहास की हकीकत है। भारत का इतिहास सुहरावर्दी जैसे खलनायकों की करतूतों से भरा हुआ है। ऐसे सुहरावर्दी एवेन्यू का नाम बदला जाना उचित था, लेकिन विपक्ष को ये बात हजम नहीं हो रही है। विपक्ष शर्मिंदगी की बजाय सुहरावर्दी के नाम को लेकर राजनीति कर रहा है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कोलकाता के 'सुहरावर्दी एवेन्यू' का नाम बदलकर गोपाल मुखर्जी रोड करने का आदेश दे दिया है। इस फैसले को लेकर विपक्ष भाजपा सरकार पर निशाना साध रहा है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के एकनाथ शिंदे गुट में शामिल होने पर नकवी ने कहा, 'खानदानी विरासत झटके पर झटका खा रही है। जब अपने ही लोगों को बिकाऊ कहेंगे तो वे टिकाऊ कैसे रहेंगे? ऐसे में शिवसेना यूबीटी गुट को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर उनकी पार्टी क्यों सिमटती जा रही है और क्यों लोग छोड़कर जा रहे हैं?' नीट परीक्षा विवाद को लेकर पूर्व मंत्री नकवी ने कहा, 'छात्रों की परीक्षा पर छत्रपों की जो पैराशूट पॉलिटिक्स है, यह नौजवानों के भविष्य पर भय और भ्रमजाल फैलाने की कोशिश है।'

# बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया : बृजलाल

- कांग्रेस भवन, हिसार से मिनी सचिवालय तक पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई तथा उपायुक्त महोदय के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

» हरियाणा, यूटर्न/ 22 जून ।




आज नलवा विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस ढं१३८ द्वारा जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस प्रधान बृजलाल बहबलपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तथा इसका आयोजन नलवा विधानसभा के पूर्व पार्टी प्रत्याशी श्री अनिल मान द्वारा किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, किसानों, मजदूरों, युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। कांग्रेस भवन, हिसार से मिनी सचिवालय तक पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई तथा उपायुक्त महोदय के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना




दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने जनता की कमर तोड़ दी है। वहीं बेरोजगारी की समस्या ने युवाओं को निराशा की ओर धकेल दिया है।

अनिल मान ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जनता के हक और अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा सरकार जल्द पेट्रोल, डीजल व गैस के दाम कम करके बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाती, तो नलवा कांग्रेस पार्टी 21 जुलाई को हिसार में भाजपा कार्यालय के बाहर एक दिन का सांकेतिक सत्याग्रह करेगी।



# शिवम कंप्यूटर्स राजस्थान ने जीता ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग का खिताब, 21 लाख की इनामी राशि पर किया कब्जा

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 जून । क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित 'ड्रीम टेनिस क्रिकेट लीग नॉर्थ जोन सीजन-2' का रोमांचक समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में उत्तर भारत की 12 बेहतरीन टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### राजस्थान का दबदबा

फाइनल मुकाबले में 'शिवम कंप्यूटर्स राजस्थान' ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत हासिल की। विजेता टीम को 21 लाख रुपये की इनामी राशि से सम्मानित किया गया। वहीं, उपविजेता रही 'रेड डेविल्स' की टीम को 11 लाख रुपये का पुरस्कार मिला।

### खिलाड़ियों पर बरसे सम्मान

टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कारों से नवाजा गया:

मैन ऑफ द सीरीज: संग्राम सिंह (निसान कार उपहार में दी गई)।

मैन ऑफ द मैच (फाइनल): करण शेखावत।

अन्य पुरस्कार: गौरव (बेस्ट बैट्समैन), संग्राम सिंह (बेस्ट बॉलर व ऑलराउंडर), अंकित तिवारी (बेस्ट कैच), आमिर सोहेल (बेस्ट फील्डर), विक्की कुमार (बेस्ट 35+ परफॉर्मर) और यश चुघ (बेस्ट अंडर-19 इमर्जिंग प्लेयर) को भी सम्मानित किया गया।

### टेनिस क्रिकेट को नई पहचान

लीग के संस्थापक रवि गाबा और विनय हरिपुर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य टेनिस क्रिकेट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अगले साल इस प्रतियोगिता को और भी भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। समापन समारोह में रवि गाबा, सोमनाथ गाबा, विनय कम्बोज, गोबिंद कालड़ा, विजय पांचाल, राहुल शर्मा, प्रवीन पांचाल, रिंकू हथीरा, चेतन शर्मा, भूपिंद्र गोयत, प्रदीप संगरोहा, राजू हथीरा, धर्मवीर, डैनी मंडी और नीरज नोच सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। दर्शकों का उत्साह और खिलाड़ियों का जोश अंतिम दिन तक देखने लायक रहा।



# भारतीय योग संस्थान हरियाणा के संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर को माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा ने किया सम्मानित

**अश्विनी वालिया/कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 जून ।** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) रोहिणी, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर को योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने, जन मानस तक योग का प्रचार प्रसार करने, भारतीय योग संस्थान के कार्य को आगे बढ़ाने, हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लेने, कई सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक, साहित्यिक, पत्रकारिता व अन्य कल्याणकारी क्षेत्रों में कार्य कर रही संस्थाओं में सक्रिय सहभागिता के लिए 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पंचकूला में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में हरियाणा योग आयोग, पंचकूला की संस्तुति पर माननीय मुख्यमंत्री हरियाणा, नायब सिंह सैनी जी द्वारा स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा डॉ आरती राव व अन्य गणमान्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत प्रशस्ति पत्र में ग्रोवर के योग के क्षेत्र में सराहनीय योगदान तथा विशेष उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति साधुवाद व आभार का भाव प्रकट किया गया है । ग्रोवर पिछले 10 वर्षों से भारतीय योग संस्थान से जुड़कर योग शिक्षक, केंद्र प्रमुख, कार्यकारी जोन प्रधान, जिला उप प्रधान, प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता के रूप में संस्थान को निष्काम सेवा भाव से अपनी सेवाएं दे रहे हैं । वर्तमान में संस्थान द्वारा उन्हें प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता का दोहरा प्रभार दिया गया है जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं ।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# भक्ति और सत्संग से ही मिलता है मन को सच्चा सुकून : रामचरण गुप्ता

**बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार पर हुआ भंडारा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

» राजेश सलूजा




हरियाणा, यूटर्न/ 22 जून । तरसेम नगर स्थित बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार के पावन अवसर पर भंडारे एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बाबा के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का नाम सच्चे मन और श्रद्धा के साथ लेने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सत्संग और भक्ति मनुष्य को सही मार्ग दिखाते हैं तथा उसके मन को शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से प्रभु का स्मरण करता है, भगवान उसकी हर परिस्थिति में सहायता करते हैं।

रामचरण गुप्ता ने कहा कि सत्संग मनुष्य के विचारों को पवित्र करता है और उसे बुराइयों से दूर ले जाकर अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन ईश्वर का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है। भगवान ने मनुष्य को सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की है। इसलिए हमें अपने जीवन को सेवा, सदाचार और अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए। जरूरतमंदों की सहायता करना, दूसरों के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव रखना भी सच्ची भक्ति का ही स्वरूप है। रामचरण गुप्ता ने कहा कि आज मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूलता जा रहा है।




# कुरुक्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के परिषद शिक्षा वर्ग का भव्य समापन समारोह

» परमिंदर सिंह

> उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद वर्तमान में पंच परिवर्तन, गौ संरक्षण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा धर्मांतरण की चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने के विषयों पर विशेष कार्य कर रही है।

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 जून । विश्व हिंदू परिषद, इंद्रप्रस्थ क्षेत्र द्वारा आयोजित परिषद शिक्षा वर्ग का कुरुक्षेत्र का समापन समारोह आज गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में उत्साह एवं राष्ट्रभावना के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता संत दिव्यानंद महाराज ने की, विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में व्यवसायी सुनील सिंगला की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि 'परिषद शिक्षा वर्ग केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र, धर्म और समाज के प्रति समर्पित कार्यकर्ताओं के निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया है।

आज आवश्यकता है कि प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर सेवा, संस्कार और संगठन के कार्य को गति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद वर्तमान में पंच परिवर्तन, गौ संरक्षण, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा धर्मांतरण की चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने के विषयों पर विशेष कार्य कर रही है। समाज के प्रत्येक वर्ग को इन विषयों में सक्रिय भूमिका निभाकर राष्ट्र निर्माण के कार्य में अपना योगदान देना चाहिए।'

समारोह अध्यक्ष पूज्य दिव्यानंदमहाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि 'भारत की सनातन संस्कृति विश्व को मार्गदर्शन देने की क्षमता रखती है। युवाओं को अपने जीवन में धर्म, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को आत्मसात कर समाज के लिए आदर्श बनना चाहिए।' विशिष्ट अतिथि सुनील सिंगला ने कहा कि 'संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र का आधार है। परिषद के प्रशिक्षण वर्ग समाज में जागरूक, अनुशासित और राष्ट्रनिष्ठ कार्यकर्ताओं की नई पीढ़ी तैयार कर रहे हैं।' वर्ग के बौद्धिक प्रमुख ओंकार ने शिक्षा वर्ग की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वर्ग के दौरान प्रतिभागियों को संगठन, सेवा, संस्कार, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने सभी आगंतुकों एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया। विश्व हिंदू परिषद समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर राष्ट्रहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

' समारोह में जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश पंजाब हरियाणा और दिल्ली क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं, मातृशक्ति तथा युवाओं ने सहभागिता कर संगठन की कार्ययोजना एवं राष्ट्र निर्माण मैं अपना सहयोग देने का संकल्प लिया। समापन समारोह के अंत में राष्ट्र एवं धर्म की उन्नति के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया तथा सभी अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 26 को हिसार में, तैयारियों में जुटे पदाधिकारी

**स्वागत की तैयारियों के लिए जिला कार्यालय में बैठक करके की रणनीति तैयार**




**हरियाणा, यूटर्न/ 22 जून ।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 26 जून को हिसार आएंगी। उनके कार्यक्रम को देखते हुए पार्टी ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेडड़ की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेडड़ ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का हिसार आगमन संगठन के लिए गौरव का विषय है और उनके स्वागत में कार्यकर्ताओं का उत्साह अभूतपूर्व है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का पहला स्वागत रविदास भवन के समीप किया जाएगा। इसके उपरांत हिसार शहर में अग्रसेन भवन पहुंचने से पूर्व विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। मुख्य स्वागत समारोह अग्रसेन भवन में होगा, जिसमं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक भाग लेंगे। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया की बैठक में स्वागत कार्यक्रम की रूपरेखा, विभिन्न स्वागत स्थलों की व्यवस्था, कार्यकताओं की जिम्मेदारियों एवं कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, अनिल सैनी, मुनीष एलावादी, रामफल नैन, सतीश सुरलिया, लक्ष्मी गोयल, पिंकी शर्मा, कृष्ण खटाना, कुलदीप डेलू, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जिला प्रवक्ता पीयूष महता, सुरेश जांगड़ा, राजकुमार इंदौरा, हर्ष बामल, अजय बेनीवाल, विनोद तोषावड़, भूप सिंह रोहिला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, कुरुक्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मैं सहभागिता




» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 22 जून ।**

ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, कुरुक्षेत्र द्वारा उत्साहपूर्वक योग कार्यक्रम में सहभागिता की गई, जिसका उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं दीर्घायु जीवनशैली को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ योग एवं स्वास्थ्य के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। इस अवसर पर योग शिक्षिका ऋतु ढींगरा ने वेद भवन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास करवाया तथा नियमित योग के महत्व और उसके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में जिला शिक्षक संयोजक सुनीता भारद्वाज की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने एवं स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर ऋतु ढींगरा, जितेंद्र ढींगरा, धीरज गुलाटी, संजीव पाहवा, रवि नंदन आहूजा, रजनीश, सुनीता कौशिक एवं मीनू पाहवा सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, कुरुक्षेत्र की ओर से विनोद भारद्वाज, अक्षय मित्तल, सुनीता भारद्वाज, विमल गर्ग, कपिल मित्तल, गौरव राजपाल, ललित माटा, संजय मित्तल, संचय भाटिया, आनंद जैसवाल, हेमलता एवं हरप्रीत ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया तथा स्वस्थ, जागरूक एवं संतुलित समाज के निर्माण का संदेश दिया।

# आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा सम्बंधित सीटू ने जिला कमेटी की बैठक की आयोजित

**आशा वर्कर की एसआईआर कार्य में ड्यूटी लगाने की कड़े शब्दों में निंदा**

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यु-टर्न 23 जून। मजदूर संगठन सीटू जिला कार्यालय गीता कॉलोनी जीटी रोड पानीपत में आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान बंटी ने की। संचालन सह सचिव सुनीता ने किया। यनियन ने चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला सीएमओ के माध्यम से एस आई आर के कार्य में ड्यूटी लगाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए आज यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ जिला पानीपत के नाम लिखित पत्र देकर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि आशा वर्कर्स पर पहले ही काम के दबाव बहुत है इसलिए आशा वर्कर्स इस कार्य को नहीं करेंगी। आशा वर्कर्स कोई सरकारी कर्मचारी नहीं है, स्वयं सेविका के तौर पर कार्य करती हैं, इंसेंटिव बेस पर कार्य करती है। सरकार की बंदूआ गुलाम नहीं है। अगर जबरदस्ती ड्यूटी लेने की कोशिश की तो जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने कहा कि आशा वर्कर्स यूनियन लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत। बढ़ती महंगाई के अनुसार कम से कम 30000 न्यूनतम वेतन देने की मांग कर रही है और सरकारी कर्मचारी का दर्जा मिलने तक संघर्ष जारी रखे हुए। अपनी मांगों के संदर्भ में यूनियन के राज्य प्रतिनिधिमंडल की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से बातचीत हुई थी। जिन मांगों पर सीमती बनी थी अभी तक कोई नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ। आशा वर्कर्स में सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है इसलिए उन्होंने आगामी आंदोलन की घोषणा की है। 1जुलाई से 7 जुलाई तक राज्य भर के सभी जिला मुख्यालयों पर अपनी मांगों को लेकर सीएमओ के यहां प्रदर्शन किए जाएंगे और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के हरियाणा निदेशक के नाम लिखित मांग पत्र और स्थानीय समस्याओं को लेकर सीएमओ के नाम लिखित ज्ञापन पत्र दिए जाएंगे। पानीपत में 6 जुलाई दिन सोमवार को जिला सीएमओ कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए अपने मांगों बारे ज्ञापन दिया जाएगा।

# पंजाब की राजनीति में हलचल शुरू हो गई है




संदीप शर्मा

नितिन नवीन के बीजेपी अध्यक्ष बनने और उनके पंजाब दौरे के साथ ही, पंजाब की चुनावी लड़ाई भले ही अभी कुछ महीने दूर हो, लेकिन उससे पहले ही राजनीतिक समीकरण बदलने के संकेत दिखने लगे हैं। सभी पार्टियों में यह महसूस किया जा रहा है कि अगला विधानसभा चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा को आने वाले कई सालों के लिए बदल सकता है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी इस दौर में सत्ता में होने के फायदे और एक अनुशासित संगठनात्मक ढांचे के साथ आगे बढ़ रही है। 2022 में सत्ता में आने के बाद से, पार्टी ने कल्याणकारी योजनाओं, नशा-विरोधी कदमों और साफ-सुथरे प्रशासन के नैरेटिव के दम पर खुद को गवर्नेंस पर ध्यान देने वाले विकल्प के तौर पर पेश करने की कोशिश की है। फिर भी, हर सत्ताधारी सरकार की तरह, जनता का भरोसा बनाए रखना एक चुनौती है। गवर्नेंस से जुड़ी थकान, स्थानीय असंतोष और पूरी न हो पाई उम्मीदें पंजाब में चुनावी समीकरणों को तेजी से बदल सकती हैं। कांग्रेस के लिए चुनौती कहीं ज्यादा बड़ी है। अच्छी-खासी राजनीतिक मौजूदगी और अनुभवी नेताओं का नेटवर्क होने के बावजूद, पार्टी अंदरूनी गुटबाजी और नेतृत्व को लेकर अनिश्चितता से जूझ रही है। इतिहास गवाह है कि पंजाब में उन पार्टियों को कामयाबी मिली है जिन्होंने एकजुट होकर चुनाव लड़ा है। जब तक कांग्रेस गुटीय झगड़ों को सुलझाकर और सिर्फ सरकार का विरोध करने से आगे बढ़कर कोई ठोस विजन पेश नहीं करती, तब तक उसे उस 'एंटी-इनकंबेंसी' (सत्ता-विरोधी लहर) का फायदा नहीं मिल पाएगा जो स्वाभाविक रूप से किसी भी सत्ताधारी सरकार के खिलाफ बनती है। वहीं, शिरोमणि अकाली दल अभी भी खुद को फिर से खड़ा करने के लंबे दौर से गुजर रहा है। कभी राज्य की सबसे ताकतवर राजनीतिक पार्टी रही यह पार्टी लगातार चुनावी हार के बाद वापसी का कोई भरोसेमंद रास्ता तलाश रही है। नेतृत्व, संगठन में नए बदलाव और युवा वोटरों से दोबारा जुड़ने जैसे सवाल उसकी संभावनाओं पर भारी पड़ रहे हैं। पार्टी अपनी पुरानी विरासत का ज़िक्र करने के बजाय खुद को नए सिरे से ढालने में कितनी कामयाब होती है, इसी से तय होगा कि वह अपनी अहमियत वापस पा सकती है या नहीं। बीजेपी भी, नितिन नवीन के रूप में नए संगठनात्मक प्रमुख के साथ, पंजाब में एक नया राजनीतिक प्रयोग कर रही है। सोशल इंजीनियरिंग, संगठन के विस्तार और अपने पारंपरिक शहरी वोट बैंक से आगे बढ़कर अलग-अलग समुदायों तक पहुँचने पर जोर देकर, पार्टी यह संकेत दे रही है कि वह एक मामूली खिलाड़ी के बजाय एक मजबूत दावेदार बनना चाहती है। हालांकि, ये कोशिशें चुनावी जीत में बदलेंगी या नहीं, यह उस राज्य में अनिश्चित है जहाँ क्षेत्रीय पहचान और स्थानीय मुद्दे अक्सर राष्ट्रीय मुद्दों पर भारी पड़ते हैं। यह बात साफ होती जा रही है कि पंजाब की राजनीति अब बदलाव और अनिश्चितता के दौर में प्रवेश कर रही है। पारंपरिक वफादारी कमजोर हो रही है, वोटर ज्यादा व्यावहारिक हो रहे हैं, और चुनावी फैसलों पर बड़ी-बड़ी बातों के बजाय काम का असर ज्यादा दिखेगा। वोटरों ने बार-बार दिखाया है कि नाराज होने पर वे स्थापित राजनीतिक दलों को भी नकारने को तैयार रहते हैं। इसलिए, सभी पार्टियों के लिए संदेश साफ है: सिर्फ दिखावे के बजाय संगठन की मजबूती, आपसी तालमेल और भरोसेमंद कामकाज ज्यादा मायने रखेंगे। चुनाव जब भी हों, उनके नतीजे सिर्फ नारों से तय नहीं होंगे। जीत उस पार्टी की होगी जो पंजाब के लोगों को यह भरोसा दिला पाएगी कि उसके पास राज्य की गंभीर चुनौतियों—जैसे बेरोजगारी, खेती-किसानी की मुश्किलों, नशे की समस्या और आर्थिक तंगी—से निपटने का नजरिया और क्षमता, दोनों हैं। पंजाब की राजनीति में हलचल शुरू हो चुकी है। जो पार्टियाँ वोटरों के बदलते मिजाज को सबसे पहले समझेंगी, वे ही आखिरी मुकाबले के समय सबसे मजबूत स्थिति में होंगी।

# देश का सिस्टम : परीक्षा में फेल

लगातार बदलती शिक्षा नीति के दिखावे के पीछे किसी की भी असल मंशा शिक्षा सुधार की नहीं है। नीतियां बदलीं, नेता बदले, शासन करने वाली पार्टियां भी बदलीं और शिक्षा के साथ प्रयोग के शगल भी बदलते रहे। हकीकत यह है कि हमने अपनी गलतियों से सबक नहीं लिया और एक ऐसा कमजोर ढांचा तैयार किया जो न अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रहा है और साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं को ढंग से सम्पन्न करवाने में भी असफल है। व्यापम जैसे घोटाले इस बात का प्रमाण हैं कि परीक्षा के हर स्तर पर गड़बड़ी सम्भव है जो सालों साल तक छिपी भी रह सकती है। पैसे और प्रभाव के दम पर पेपर लीक, नकली परीक्षार्थी, मनमाना मूल्यांकन, रिजल्ट शीट में हेरफेर आदि किया जा सकता है जिससे अनेक सुपात्र उचित अवसर से वंचित हो जाते हैं।

डॉ योगेन्द्र श्रीवास्तव




आखिर नीट-2 परीक्षा सम्पन्न हो ही गई। पेपर लीक हुआ या नहीं इसका पता तो बाद में चलेगा लेकिन परीक्षा की तैयारी की खबरें ऐसी थीं जैसे युद्ध होने वाला हो। देश के 551 शहरों में लगभग ढाई लाख सुरक्षाकर्मी तैनात थे और पेपर समय हर केन्द्र तक पहुंचाने के लिये एयर फोर्स के विमानों का उपयोग किया गया। साथ ही अतिरिक्त सावधानी के लिये छात्रों के बीच अत्यंत लोकप्रिय और ऑनलाइन ग्रुप स्टडी में उपयोगी सोशल मीडिया एप टेलीग्राम पर 22 जून तक के लिए प्रतिबन्ध लगा दिया गया। परीक्षार्थियों की तलाशी इस कदर की गई जैसे वो परीक्षा केन्द्रों में नहीं बल्कि बारूद के गोदामों में घुसने वाले हों। बहरहाल अब तक सब खैरियत है।

जिस देश के इंजीनियर सारी दुनिया में छाये हुये हैं और अमेरिका जैसे अमीर देश में बड़ी बड़ी टेक्नोलॉजी कम्पनियों के सीईओ हैं उस देश का परीक्षा सिस्टम बदहाल होना बेहद शर्मनाक है। हम अपने देश में ऐसी व्यवस्था बनाने में एकदम नाकाबिल साबित हुए जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं की पवित्रता और पारदर्शिता बरकरार रहे। भले ही कड़ी सुरक्षा और सावधानी के साथ नीट-2 करवा लिया गया हो लेकिन आम नागरिक और पीड़ित छात्रों का परीक्षाओं पर भरोसा कायम नहीं हुआ है। सब इसी अनिश्चितता और संदेह में हैं कि न जाने आगे इस परीक्षा का अंजाम क्या हो!

लगभग हर प्रतियोगी परीक्षा के बाद सैकड़ों याचिकाएं दौर होती हैं जिनके कारण कभी रिजल्ट रोक जाता है और कभी भर्ती प्रक्रिया। कभी कभी तो पूरी की पूरी परीक्षा ही निरस्त कर दी जाती है जैसा इस साल के नीट के साथ हुआ। ऐसे में छात्र यह सोच कर भी आशंकित रहते हैं कि फिर अगले वर्षों में परीक्षा की क्या गारंटी है?

लगातार बदलती शिक्षा नीति के दिखावे के पीछे किसी की भी असल मंशा शिक्षा सुधार की नहीं है। नीतियां बदलीं, नेता बदले, शासन करने वाली पार्टियां भी बदलीं और शिक्षा के साथ प्रयोग के शगल भी बदलते रहे। हकीकत यह है कि हमने अपनी गलतियों से सबक नहीं लिया और एक ऐसा कमजोर ढांचा तैयार किया जो न अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रहा है और साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं को ढंग से सम्पन्न करवाने में भी असफल है। व्यापम जैसे घोटाले इस बात का प्रमाण हैं कि परीक्षा के हर स्तर पर गड़बड़ी सम्भव है जो सालों साल तक छिपी भी रह सकती है। पैसे और प्रभाव के दम पर पेपर लीक, नकली परीक्षार्थी, मनमाना मूल्यांकन, रिजल्ट शीट में हेरफेर आदि किया जा सकता है जिससे अनेक सुपात्र उचित अवसर से वंचित हो जाते हैं।

प्रतियोगी परीक्षाओं के दौर से पहले केवल बोर्ड परीक्षाओं के अंकों के आधार पर ही उच्च शिक्षा हेतु प्रवेश दिया जाता था। तब समाज में नैतिकता थी, कानून का डर था और स्कूली शिक्षा का स्तर बहुत अच्छा था। धीरे धीरे कोचिंग क्लॉस के प्रचलन के बाद स्कूली शिक्षा की स्थिति बद से बदतर होती गई। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि बहुत से नामी स्कूल भी डमी संस्थानों में तब्दील हो चुके हैं जहां छात्रों का कागजों एडमीशन तो दिखाया जाता है लेकिन पढ़ाई के लिए उन्हें कोचिंग में जाने की छूट रहती है। ये स्कूलों और कोचिंग संस्थानों की मिलीभगत है जिसने शिक्षा के पारम्परिक ढांचे को ध्वस्त कर दिया है। इसके दुष्प्रभाव केवल शिक्षा तक सीमित नहीं बल्कि सामाजिक मूल्यों और पारिवारिक बुनावट तक भी पहुंच रहे हैं। पुरानी स्कूल शिक्षा में छात्र लम्बी अवधि तक एक साथ पढ़ने के परिणामस्वरूप आपसी संबंधों का महत्व और सामंजस्य सीखते थे और किशोरावस्था के दौरान भावनात्मक परिवर्तनों के दौरान उन्हें साथियों का संबल तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन भी उपलब्ध था। अब कोचिंग की गलाकाट स्पर्धा में सम्बन्ध, सामंजस्य का अवसर ही नहीं मिलता क्योंकि छात्र एक दूसरे से आगे निकलने के लिये मशीनों की तरह एमसीक्यू करने में व्यस्त रहते हैं।

प्रजातंत्र के तीनों स्तम्भ न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका दरअसल अच्छी शिक्षा से ही मजबूत तथा परिपक्व होते हैं लेकिन अफसोस कि देश में शिक्षा व्यवस्था में निरन्तर गुणात्मक गिरावट हुई है और पढ़ाई को सिर्फ पैकेज से जोड़कर देखा जा रहा है। शिक्षण संस्थानों का स्तर सिर्फ इसी बात से तय होता है कि कोर्स पूरा करने के बाद छात्रों को कितना मोटा शुरूआती पैकेज मिलता है। सीधी सी बात है कि अच्छी शिक्षा ही अच्छे नागरिक पैदा कर सकती है। परन्तु हमारी शिक्षा अब ज्ञान और मूल्यों पर केन्द्रित नहीं बल्कि सवालों को तेज हल करने और प्रतियोगी परीक्षा में ऊँचा रैंक हासिल करने तक सीमित रह गई है जबकि समाज और प्रजातंत्र की सेहत के लिये अच्छी शिक्षा अनिवार्य तत्व है।

पेपर लीक और दोबारा परीक्षा की इस आपा धापी के दौरान यह वास्तविकता तो उजागर हो चुकी है कि हमारा सिस्टम परीक्षाएँ सुचारू और विश्वसनीय तरीके से सम्पन्न करवाने में फेल हो चुका है। वस्तुस्थिति यह है कि गुणवत्ताहीन शिक्षा के चलते हम विचारक तैयार करने के बजाय मोटे पैकेजों वाले मजदूर तैयार कर रहे हैं। और इसी वजह से परीक्षाओं के प्रति चूहा-दौड़ का माहौल है जिसमें छात्र और उनके माता-पिता जबरन भागने के लिये मजबूर हैं। अब भी समय है कि तार्किक और व्यावहारिक शिक्षा नीति के जरिये पढ़ाई और परीक्षा की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन किया जाये वरना समाजिक और प्रजातांत्रिक मूल्यों में गिरावट इसी तरह जारी रहेगी।

## ध्यान-तन्मयता का नाम समाधि

ध्यान के द्वारा परिवर्तन तभी संभव है जब ध्यान में जाने के लिए गहरी आस्था हो। आस्था का निर्माण हुए बिना ध्यान में जाने की क्षमता अर्जित नहीं हो सकती। कुछ व्यक्तियों में नैसर्गिक आस्था होती है और कुछ व्यक्तियों की आस्था का निर्माण करना पड़ता है। आस्था पर संकल्प का पुट लग जाए और अनवरत अभ्यास का प्रम चलता रहे तो आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। अभ्यास ऐसा तत्व है जो साधना की श्रृंखला को बराबर जोड़े रखता है। अभ्यास की धारा टूटने से सफलता संदिग्ध हो जाती है। आस्था, संकल्प और अभ्यास इन तीन तत्वों के अधिगत हो जाने के बाद साधक में आत्मानुशासन का विकास हो जाता है। यह अनुशासन आरोपित नहीं होता, सहज स्वीकृत होता है। इस अनुशासन में संयम के विकास की अनिवार्यता है। संयम से हमारा प्रयोजन है तन्मयता से। यह तन्मयता ही भावक्रिया है। केवल त्याग-प्रत्याख्यान से संयम नहीं सध सकता। त्याग-प्रत्याख्यान भी साधना का एक प्रकार है, किंतु उसमें पूर्णता नहीं है। साधना में पूर्णता लाने के लिए संयम के साथ भावक्रिया का होना नितांत अपेक्षित है।

पूर्ण संयम का विकास तब हो सकता है, जब पदार्थ-प्रयोग से मन विरत हो। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि संयम के प्रति रति होने से पदार्थ-भोग के प्रति अरति हो जाती है। अनुराग से विराग का होना एक मनोवैज्ञानिक तथ्य है। बच्चे के हाथ से किसी वस्तु को छुड़ाने के लिए उसे किसी दूसरी वस्तु के प्रति आकृष्ट करना होता है। अन्यथा वह उसे छोड़ नहीं सकता। पदार्थ-विरति भी उसी क्षण घटित हो सकती है, जिस क्षण आत्मा या चैतन्य के साथ उसका संबंध स्थापित हो जाता है। यह स्थिति पतंजलि के शब्दों में धारणा के रूप में निरूपित की गई है।

## आज की चर्चा:राम नाम जपना: चढ़ावे का माल अपना....!

ओमप्रकाश मेहता



अब अयोध्या का जगप्रसिद्ध राममंदिर किसी आध्यात्मिक या पौराणिक प्रसंग में नही बल्कि उसके चढ़ावे की राशि को लेकर चर्चा में है और यह राशि करोड़ों-अरबों में बताई जा रही है। आश्चर्य यह है कि यह कथित चोरी कई बरसों से चली आ रही है और अब तक इस पर किसी ने भी ध्यान नही दिया और न अब तक कहीं इस चोरी को लेकर प्राथमिकी ही दर्ज हुई, अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की शिकायत पर यह मामला सामने आया है और अब इस दिशा में मुस्तैदी सामने आने लगी है। चढ़ावे की करोड़ों की राशि के साथ मंदिर के जेवरों की चोरी भी सामने आ रही है, जिसमें करीब साठ किलो वजन की चांदी की शिलाएं, भगवान का सोने-हीरे का हार भी शामिल है, अब जक उत्तरप्रदेश के प्रतिपक्षी नेता ने उक्त मामला उठाया तब विशेष जांच टीम (एस.आई.टी.) का गठन कर जांच शुरू की गई है।

धार्मिक आस्था से परिपूरित भारत में हिन्दूओं के पवित्र चार धाम के साथ ही करीब डेढ़ करोड़ मंदिर है, जिनमें सबकी आस्था के केन्द्र देवता विराजित है, यद्यपि अधिकांश नामी-गिरामी मंदिरों के संचालन ट्रस्ट बने हुए है और इन पर पदाधिकारी विराजित भी है, लेकिन अब इन मंदिरों के न्यास पदाधिकारियों पर मंदिरों की दान राशि व सम्पत्ति हड़पने का खुले आरोप लगाए जाने लगे है और केन्द्र तथा राज्य सरकारें ऐसी शिकायतों की जांच भी शुरू कर रही है.... और अब ऐसा ही अयोध्या के प्रसिद्ध राममंदिर में भी होने जा रहा है। वैसे आस्थावान भारत के लिए यह चलन कोई नया नही है, किंतु अंतर सिर्फ इतना है कि अब जब अयोध्या के राम मंदिर से इसकी शुरूआत हुई है तो यह आवाज हर प्रसिद्ध मंदिर को लेकर उठने वाली है और जिम्मेदारों को उसका माकूल जवाब भी देना पड़ेगा। अकेले राम मंदिर को लेकर ही दो करोड़ की 'बंदरबाट' की बात की जा रही है तो पूरे भारत के प्रसिद्ध मंदिरों की क्या स्थिति होगी? यह सहज ही कल्पनीय है।

अब सबसे अहम् विचारणीय बिन्दु यह है कि क्या ऐसे मामले उजागर होने से दान-पुण्य की आस्था प्रभावित हो सकती है? और मंदिरों के चढ़ावें की राशि में कमी हो सकती है? खैर.... यह तो भविष्य का प्रश्न है, किंतु आज तो इस बात की चिंता है कि यदि राम मंदिर में यह स्थिति है तो देश के अन्य मंदिरों की क्या स्थिति होगी? अतः अब केन्द्र तथा राज्य सरकारों को ही इस दिशा में गंभीर चिंतन कर आम हिन्दूओं की भावनाओं की कद्र करते हुए कोई ऐसा रास्ता खोजना होगा, जिससे आस्था को आघात पहुंचाने वाली इस गलत प्रक्रिया पर रोक लग सके, अर्थात इन मामलों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाकर दोषी मंदिर प्रभारियों को कड़ा से कड़ा दण्ड दिया जाना चाहिए, तभी न सिर्फ आस्था की रक्षा हो सकेगी बल्कि देश के मंदिर भी शुद्ध व पवित्र आस्था के केन्द्र बने रह सकेंगे।

# भारत दुनिया को दे रहा अनोखे और बेजोड़ आर्थिक अवसर: पीयूष गोयल

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि आज भारत दुनिया को अनोखे और बेजोड़ आर्थिक अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत खुद को एक भरोसेमंद वैश्विक आर्थिक साझेदार के रूप में स्थापित कर रहा है।

'रिपब्लिक समिट 2026' को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं (ग्लोबल सप्लाई चेन) में भारत की बढ़ती भूमिका और देश-हित को प्राथमिकता देने वाली व्यापार नीतियों ने भारत को दुनिया भर के कारोबारों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया है।

उन्होंने कहा, 'भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में लगातार अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है, क्योंकि दुनिया भर की कंपनियां भरोसेमंद और विश्वसनीय साझेदारों की



तलाश कर रही हैं।'

गोयल ने कहा कि मजबूत आर्थिक आधार, स्थिर नीतिगत माहौल और मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए विकासोन्मुख सुधारों के कारण दुनिया भर की कंपनियां तेजी से भारत की ओर आकर्षित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक प्रगति ने निवेशकों, व्यापारियों, निर्यातकों और उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा किए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत द्वारा किए गए सभी व्यापार समझौते राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। साथ ही इन समझौतों ने भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच व्यापारिक संबंधों को भी मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि इन समझौतों का उद्देश्य भारतीय व्यापारियों, निर्यातकों, उद्योगों और नागरिकों के लिए अधिक अवसर पैदा करना है, जबकि भारत के हितों की पूरी सुरक्षा भी सुनिश्चित की गई है।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार वार्ताओं में सरकार के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हमेशा 'नेशन फर्स्ट' यानी राष्ट्र सर्वोपरि की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि हर व्यापार समझौते को इस तरह तैयार किया गया है कि उससे देश में आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर बढ़ें।

गोयल ने कहा, 'मोदी सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।'

उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया और कहा कि कृषि संबंधी चिंताएं भारत की व्यापार नीतियों और वार्ताओं में एक प्रमुख विचारणीय विषय बनी हुई हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत धीरे-धीरे वैश्विक आपूर्ति शृंखला का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

## एआई लाएगा दिवाला संकट, आईबीबीआई के पहले चेयरमैन ने दी बड़ी चेतावनी

### एम.एस. साहू ने वित्तीय लेनदारों के प्रभुत्व और वसूली में देरी पर भी जताई चिंता

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।



भारतीय दिवाला व शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) के प्रथम चेयरपर्सन एम.एस. साहू ने चेतावनी दी है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कारोबारी चक्रों को तेज कर तनावग्रस्त परिसंपत्तियों को बढ़ाएगा, जिससे दिवाला पारिस्थितिकी तंत्र पर भारी बोझ आएगा। उन्होंने दिवाला और अक्षमता संहिता (आईबीसी) के 10 वर्ष पूरे होने पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) जैसे परिचालन लेनदारों के साथ हो रहे 'शून्य' वसूली पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। साहू ने जोर दिया कि एमएसएमई को आज आईबीसी के तहत व्यावहारिक रूप से कुछ भी नहीं मिल रहा है, जो कानून और इसकी समझ में एक मौलिक गलती को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि वॉटरफॉल मैकेनिज्म के तहत परिचालन लेनदारों की चार श्रेणियों में, आपूर्ति विक्रेता और एमएसएमई सबसे निचले स्तर पर आते हैं, जबकि श्रमिक, कर्मचारी और सरकारी बकाये को प्राथमिकता मिलती है। उन्होंने वित्तीय लेनदारों द्वारा शक्तियों के दुरुपयोग और उनकी कमर्शियल विजडम पर भी सवाल उठाए, यह तर्क देते हुए कि 95 फीसदी परिचालन लेनदारों के पास अधिक व्यावसायिक समझ है। साहू ने समाधान प्रक्रिया में लगने वाले अत्यधिक समय को एक बड़ी कमी बताया। आईबीबीआई के आंकड़ों का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि मार्च 2023 तक, आईबीसी के तहत अनुमोदित दावों की वसूली दर 30.56 फीसदी रही, जो पिछले वर्ष के 32.8 फीसदी से कम है।

## अमेरिका-ईरान वार्ता से आपूर्ति चिंताएं घटीं कच्चे तेल की कीमतों में 3 प्रतिशत तक गिरावट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।



अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता के बाद वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। सप्लाई में रुकावट की आशंकाएं कम होने और ईरान के तेल निर्यात बढ़ने की उम्मीद के चलते कच्चे तेल की कीमतें 3 प्रतिशत तक गिर गईं।

अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 2 प्रतिशत से अधिक गिरकर लगभग 79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई। कारोबार की शुरुआत में यह 82 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया था। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड करीब 75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा, जो लगभग 3 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। कीमतों में यह गिरावट तब आई जब अमेरिका और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच स्विट्जरलैंड में हुई वार्ता का पहला दौर समाप्त हुआ। इस बातचीत का उद्देश्य नाजुक युद्धविराम को आगे बढ़ाना और क्षेत्रीय तनाव को कम करना था।

हालांकि, इससे पहले भी पिछले सप्ताह तेल की कीमतों में 8 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई थी। बाजार को उम्मीद थी कि खाड़ी क्षेत्र में फंसी तेल खेपों की आपूर्ति फिर से शुरू हो सकती है और किसी बड़े समझौते के तहत ईरान के तेल निर्यात पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में भी ढील दी जा सकती है।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि तेहरान को तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्यात के लिए छूट मिली है। इसके अलावा, कुछ फंसी हुई संपत्तियों को जारी करने और देश के पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यक्रम शुरू करने पर भी सहमति बनी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितताओं के बावजूद ब्रेंट क्रूड का 80 डॉलर प्रति बैरल से नीचे बने रहना इस बात का संकेत है कि बाजार किसी बड़े संघर्ष की संभावना को फिलहाल कीमतों में शामिल नहीं कर रहा है।

हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि क्षेत्र की भू-राजनीतिक स्थिति अभी भी बदल सकती है और उस पर लगातार नजर बनाए रखने की जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार, 'वैश्विक निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है।

## स्टीलबर्ड हाई-टेक की आय में प्रीमियम हेलमेट की हिस्सेदारी में बढ़ेगी

» मुंबई, यूटर्न/ 22 जून ।

प्रमुख हेलमेट निर्माता स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया ने अपने प्रीमियम खंड की हिस्सेदारी को 2032 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। कंपनी ने बढ़ती मांग के मद्देनजर अगले पांच वर्षों में 500 करोड़ रुपए का निवेश कर अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने और 2,500 करोड़ रुपए के कुल कारोबार का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि पिछले वित्त वर्ष में स्टीलबर्ड की कुल आय 869 करोड़ रुपए थी, जिसमें प्रीमियम खंड का योगदान पांच प्रतिशत से भी कम रहा। कपूर ने बताया, प्रीमियम खंड अभी कुल बाजार का पांच प्रतिशत भी नहीं है, लेकिन यह तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में (2032 तक) प्रीमियम हेलमेट बाजार की हिस्सेदारी लगभग 20 प्रतिशत हो जाएगी। कंपनी का प्रीमियम ब्रांड 'इग्नाइट' है, जिसके हेलमेट 3,000 रुपए से शुरू होते हैं।

इस वृद्धि को भुनाने के लिए, स्टीलबर्ड अगले पांच वर्षों में 500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस निवेश से कंपनी अपनी निर्माण क्षमता को बढ़ाकर 2.5 करोड़ हेलमेट प्रति वर्ष करेगी और 2,500 करोड़ रुपए के कुल कारोबार का लक्ष्य रखा है। स्टीलबर्ड के वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में सात और नोएडा में तीन विनिर्माण संयंत्र हैं, साथ ही एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र भी है।

## एचआरवी फार्मा ने बिना प्लांट बनाया 400 करोड़ का एपीआई कारोबार

### कंपनी 50 से अधिक यूएसएफडीए-अनुमोदित साझेदारों के साथ काम करती है

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** हैदराबाद की एचआरवी फार्मा ने फार्मा उद्योग के पारंपरिक मॉडल को चुनौती देते हुए बिना किसी विनिर्माण कारखाने के एक्टिव फार्मास्युटिकल इनग्रेडिएंट (एपीआई) कारोबार में अपनी पहचान बनाई है।

कंपनी ने नियामकीय मंजूरी प्राप्त 50 से अधिक विनिर्माण साझेदारों के साथ मिलकर एक वर्चुअल एपीआई प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिसके दम पर उसने वित्त वर्ष 2025 में 400 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है। एचआरवी फार्मा के एक प्रमुख अधिकारी के अनुसार, यह मॉडल विनिर्माण परिसंपत्तियों के बजाय नियामकीय खुलासे और



ग्राहक संबंधों पर केंद्रित है, जिसे उन्होंने दुनिया का पहला वर्चुअल एपीआई प्लेटफॉर्म बताया है। कंपनी ने पिछले पांच वर्षों में 60-65 फीसदी सालाना वृद्धि दर्ज की है और 700 से अधिक वैश्विक ग्राहकों को सेवाएँ देती है। इसका लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में 1,000 करोड़ रुपये की आय तक पहुंचना है, जबकि वित्त वर्ष 2027 तक 550 करोड़ रुपये का राजस्व अनुमानित है।

## संक्षिप्त खबरें

### रांची में नाबार्ड के आम महोत्सव में 100 टन से ज्यादा आम बिके

**रांची, यूटर्न/ 22 जून ।** झारखंड में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आम महोत्सव रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस महोत्सव में विभिन्न किस्मों के 100 टन से अधिक आमों की बिक्री हुई, जिससे 60 लाख रुपये से अधिक का कुल कारोबार दर्ज किया गया। 19 जून को शुरू हुए इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जनजातीय किसानों को उनके उत्पादों के लिए सीधा बाजार उपलब्ध कराना और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले आम खरीदने का अवसर प्रदान करना था। आमों की बिक्री औसतन 55-60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से हुई। नाबार्ड झारखंड की मुख्य महाप्रबंधक दीपमाला घोष ने महोत्सव को उपभोक्ताओं और संस्थानों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सफलता नाबार्ड की जनजातीय विकास और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) प्रोत्साहन पहलों के प्रभाव को दर्शाती है। घोष ने उम्मीद जताई कि निर्यातक और खाद्य प्रसंस्करण कंपनियां अब राज्य के जनजातीय किसानों द्वारा उत्पादित आमों पर ध्यान देंगी और उनके संग्रहण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग व निर्यात की संभावनाएं तलाशेंगी।

### केरल सरकार जूट उद्योग को देगी नई संजीवनी, 157 करोड़ का बजट आवंटित

**अलप्पुझा, यूटर्न/ 22 जून ।** केरल सरकार ने जूट उद्योग के पुनरुद्धार और व्यापक सुधारों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने घोषणा की कि राज्य बजट में इस क्षेत्र के लिए आवंटित 157 करोड़ रुपये इसकी पुनर्बहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि सरकार पारंपरिक उद्योगों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है, जिनमें अलप्पुझा की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा जूट उद्योग भी शामिल है। चेन्निथला ने बताया कि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद, सरकार ने जूट क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं के प्रबंध निदेशकों की बैठक बुलाई थी। श्रमिकों के वेतन संशोधन, कल्याणकारी लाभों, निर्यात बढ़ाने और नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों की पहचान जैसे मुद्दों पर एक व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ काम किया जा रहा है। उद्योग के आधुनिकीकरण और उसे वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आवश्यक कदम तय करने हेतु 4 जुलाई को अलप्पुझा में जूट उत्पादों के निर्यातकों की एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी।

## अमेरिका से भारत को रक्षा मजबूती, 482 मिलियन डॉलर पैकेज मंजूर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।



अमेरिका ने भारत के अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों और एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए लगभग 482.2 मिलियन डॉलर (करीब 4,000 करोड़ रुपए) के रखरखाव और सपोर्ट पैकेज को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों और क्षमता को और मजबूत बनाना है।

अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए), जो विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) कार्यक्रम का संचालन करती है, ने इस प्रस्तावित बिक्री की अधिसूचना फेडरल रजिस्टर में जारी की है। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने पिछले महीने संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को जानकारी दी थी। अधिसूचना के अनुसार, भारत ने अपनी एम777ए2 अल्ट्रा-लाइट हॉवित्जर तोपों के लिए दीर्घकालिक रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है, जिसमें सहायक उपकरण, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत सेवाएं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो स्तर की क्षमता और अन्य लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं।

इस एम777 सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत लगभग 230 मिलियन डॉलर बताई गई है। एक अलग अधिसूचना में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया कि भारत ने अपने एएच-64ई अपाचे अटैक हेलीकॉप्टरों के लिए भी रखरखाव और तकनीकी सहायता की मांग की है। इस पैकेज में अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों द्वारा इंजीनियरिंग, तकनीकी और लॉजिस्टिक सहायता सेवाएं, तकनीकी प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण और अन्य कार्यक्रम संबंधी सहायता शामिल हैं।

अपाचे हेलीकॉप्टरों के लिए इस सपोर्ट पैकेज की अनुमानित लागत 198.2 मिलियन डॉलर है। अपाचे हेलीकॉप्टर कार्यक्रम के प्रमुख ठेकेदार अमेरिकी कंपनियां बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### झाड़ियों में मिला बुजुर्ग का शव, पहचान बनी पहेली

**पूर्वी दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** वेलकम इलाके में झाड़ियों में एक बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान का प्रयास कर रही है। पुलिस ने बताया कि रविवार शाम को शाहदरा जीटी रोड पर झाड़ियों में एक बुजुर्ग का शव पड़े होने की सूचना मिली। शव एक से दो दिन पुराना लग रहा था। ऐसा कोई कागजात नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। आशंका है कि नशे की ओवरडोज से बुजुर्ग की जान गई है।

### चोरी की गाड़ियों का अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** दिल्ली और आसपास के राज्यों में वाहन चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना गुलफाम समेत पांच वाहन चोर को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरोह लंबे समय से दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था। इन्हें 'स्मार्ट मानिटरिंग टूल्स' और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच के बाद अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर चोरी की 20 मोटरसाइकिलें और स्कूटी बरामद की गई हैं। डीसीपी हर्ष इंदौरा का कहना है कि इस हाई-टेक आपरेशन में दिल्ली पुलिस के स्मार्ट मानिटरिंग टूल्स और सीसीटीवी कैमरों ने आरोपितों की पहचान व इनके मूवमेंट को ट्रैक करने और चोरी के वाहनों का पता लगाने में अहम भूमिका निभाई। ये लोग कई साल से वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे गिरफ्तार किए गए वाहन चोरों के नाम कर्ण (मोदी नगर), अंकुर उर्फ अंकित (वेलकम), नीरज (साहिबाबाद), गुलफाम उर्फ दानिश और गोपाल (सीलमपुर) का रहने वाला है।

# महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान पहुंचा सिख जत्था

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।**



महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से 62 सदस्यीय श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान गया है। यह जत्था 29 जून को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 30 जून को भारत वापस लौटेगा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) द्वारा पिछले दिनों गुरु अर्जुन देव जी के बलिदान दिवस पर भी श्रद्धालुओं को पाकिस्तान भेजा गया था। डीएसजीएमसी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि केंद्र सरकार की स्वीकृति के बाद श्रद्धालुओं को पाकिस्तान दूतावास से वीजा प्राप्त हुआ था। श्रद्धालु महाराजा रणजीत सिंह के पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही पाकिस्तान में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन करेंगे। महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु लाहौर में हुई थी।

उन्होंने बताया कि डीएसजीएमसी की ओर से हर वर्ष बैसाखी और विभिन्न गुरुपर्वों के अवसर पर श्रद्धालुओं के जत्थे पाकिस्तान भेजे जाते हैं। इस बार 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार गुरु अर्जन देव जी का बलिदान दिवस देश-विदेश की संगतों द्वारा एक ही तिथि पर मनाया गया, जिससे पंथ में बनी हुई असमंजस की स्थिति समाप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि डीएसजीएमसी श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशों के अनुसार सभी ऐतिहासिक गुरुपर्व और दिवस मनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है तथा हमेशा श्री अकाल तख्त साहिब को समर्पित रहेगी।

# मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़; 100 सील पैक स्मार्टफोन बरामद, तीन गिरफ्तार

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 22 जून ।**



गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट के थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 40 से 50 लाख रुपये कीमत के 100 सील पैक आईक्यूओओ मोबाइल फोन, एक फर्जी नंबर प्लेट लगी महिंद्रा पिकअप और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। वहीं, मामले का एक मास्टरमाइंड अभी फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार, 21 जून 2026 को थाना नॉलेज पार्क पुलिस को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग चोरी किए गए मोबाइल फोन बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सेक्टर-153 स्थित पानी की टंकी के पीछे घेराबंदी कर कार्रवाई की। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आनंद उर्फ रुद्रेश, पंकज उर्फ धीरेंद्र और मोहित उर्फ संतोष के रूप में हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि बरामद किए गए सभी 100 मोबाइल फोन आईक्यूओओ कंपनी के हैं और पूरी तरह सील पैक अवस्था में थे। इनकी बाजार कीमत करीब

> पुलिस जांच में सामने आया है कि बरामद किए गए सभी 100 मोबाइल फोन आईक्यूओओ कंपनी के हैं और पूरी तरह सील पैक अवस्था में थे।

50 लाख रुपये आंकी गई है। बताया जा रहा है कि यह मोबाइल फोन यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-24 स्थित कंपनी के लॉजिस्टिक चैनल से चोरी किए गए थे, जिन्हें आरोपी अवैध तरीके से बेचने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल एक महिंद्रा पिकअप वाहन भी बरामद किया है, जिस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी हुई थी।

इसके अलावा आरोपी आनंद उर्फ रुद्रेश और मोहित पुंडीर के पास से एक-एक अवैध चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। मुख्य आरोपी आनंद उर्फ रुद्रेश के खिलाफ दिल्ली और गुरुग्राम में माल चोरी व आर्म्स एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं मोहित पुंडीर के खिलाफ भी चोरी और आपराधिक मामलों से जुड़े मुकदमे दर्ज पाए गए हैं।

इस संबंध में थाना नॉलेज पार्क में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों और फरार मास्टरमाइंड की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ के दौरान इस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

### स्कूटी सवार को स्कॉर्पियो ने टक्कर मारकर कुछ दूर तक घसीटा

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 22 जून ।** प्रताप विहार क्षेत्र में स्कूटी सवार युवक को स्कॉर्पियो से टक्कर मारकर कुछ दूरी तक घसीटने का मामला सामने आया है। हादसे में युवक के हाथ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना विजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप विहार सिग्नल के पास की है। नूरनगर सिहानी निवासी मुकुल कंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मार्केट से पैसे लेने और देने का काम करते हैं। 15 जून को वह अपनी स्कूटी से विजयनगर मार्केट जा रहे थे। आरोप है कि रास्ते में प्रताप विहार सिग्नल से पहले काले रंग की स्कॉर्पियो ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। पीड़ित का आरोप है कि टक्कर के बाद वाहन चालक स्कूटी समेत उन्हें कुछ दूरी तक घसीटता हुआ ले गया। इससे उनके हाथ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। मुकुल ने वाहन का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। एसीपी उपासना पांडेय ने बताया कि पुलिस वाहन और चालक की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।

### शराब पीकर हंगामा कर रहे लोगों ने बुजुर्ग दंपती को पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र स्थित डीएलएफ कॉलोनी निवासी सचिन ने अपने पड़ोसी अमित, दीपिका, गौरव जुनेजा व उनकी पत्नी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। चारों पर शराब के नशे में गाली-गलौज करने और विरोध पर जान से मरवाने की धमकी देकर बुजुर्ग माता-पिता को बुरी तरह पीटने का आरोप लगाया है। विवाद 15 जून की रात का है, पुलिस ने शनिवार देर रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में सचिन ने बताया कि सोमवार की रात उनकी बिल्डिंग के ऊपरी फ्लैट में रहने वाले अमित, दीपिका, गौरव जुनेजा व उनकी पत्नी शराब पीने के बाद हंगामा कर रहे थे। देर रात गाली-गलौज व शोर करने से उन्हें मना किया गया। आरोप है कि इस पर चारों ने पांच लाख रुपये में सुपारी देकर उनकी हत्या कराने की धमकी दे डाली। यहां तक कि घर में मौजूद उनके बुजुर्ग माता-पिता को भी लात-घूसों से मारा। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की, लेकिन आरोप है कि पुलिस भी समझौते का दबाव बनाने लगी। बाद में उच्चाधिकारियों से शिकायत की। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि चारों आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही हैं। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों को नोटिस भी भेजे जा रहे हैं।

### नहीं निकली बाउंसर के सीने में लगी गोली, आरोपी पकड़ से बाहर

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** बॉर्डर थानाक्षेत्र स्थित अमर कॉलोनी में गोली लगने से घायल हुए बाउंसर अरुण कुमार की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। उनका जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। करीब 24 घंटे बाद भी उनकी सर्जरी नहीं हुई है। ऐसा परिजनों का कहना है। वहीं पुलिस की तीन टीमें भी मामले के आरोपी मोंटी, अक्षय धोती, करण सूद और मन्नू को नहीं पकड़ पा रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। दिल्ली स्थित क्लब में बाउंसर का काम करने वाले अरुण कुमार को शुक्रवार रात करीब 11 बजे बाइक सवार चार लोगों ने आंबेडकर चौक पर गोली मार दी थी। फायरिंग अरुण के सीने से पिस्टल सटाकर की गई थी। मामले में पीड़ित के भाई मोनू ने आरोपी करण सूद पर गोली मारने का आरोप लगाते हुए चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि करण का विवाद भाई के दोस्त प्रिंस व तरुण से हुआ था। इसकी रंजिश में आरोपियों ने उनके भाई को गोली मारी है। वहीं मोनू ने बताया कि चिकित्सकों ने अब तक भाई के सीने में लगी गोली नहीं निकाली है। फिलहाल इलाज जारी है। एसीपी अंकुर विहार अमरदीप मौर्या ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### जिम में जीएसटी चोरी का खुलासा, 30 लाख का फर्जीवाड़ा पकड़ा

**कौशांबी, यूटर्न/ 22 जून ।** राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने कौशांबी क्षेत्र में संचालित फिटनेस सेंटर पर छापा मार कर 30 लाख की कर चोरी पकड़ी। कार्रवाई जिम सेंटर में चल रही कर चोरी के मामले में गुप्त शिकायत मिलने पर की गई। जीएसटी की अपर आयुक्त मोनु त्रिपाठी ने बताया कि लंबे समय से जिम की शिकायत विभाग को मिल रही थी। आरोप था कि जिम सदस्यों से भारी शुल्क लेने के बावजूद रिटर्न में बेहद कम कर आय दिखकर कर चोरी की जा रही है। जांच शुरू हुई तब यह भी सामने आया कि फर्म ने अपने रिटर्न में जिम सेवाओं की तुलना में कई गुना अधिक सामान की बिक्री दिखाई, जबकि व्यापार स्थल पर न तो कोई स्टॉक मिला और न ही खरीद-बिक्री के कोई रिकॉर्ड। बताया कि कई दिनों तक आम ग्राहक बनकर जिम का दौरा किया और वास्तविक फीस व सेवाओं का ब्योरा जुटाया। जांच में जिम कर्मियों का वेतन, किराया, बिजली जैसे खर्चों की तुलना में घोषित आय बेहद कम पाई गई। इससे फर्जीवाड़ा स्पष्ट हो गया। इसके बाद रविवार को टीम ने छापा मारा और कार्रवाई की। अपर आयुक्त जीएसटी मोनू त्रिपाठी ने बताया कि जिम से सभी संबंधित दस्तावेज व लेनदेन के रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। विस्तृत जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कर चोरी के मामले में लगातार अभियान जारी है।

### बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का 13वां सदस्य गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** नवजात बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का 13वां सदस्य दिल्ली के खजूरी का रहने वाला नदीम खान रविवार को ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पूछताछ में उसने नवजात बच्चों की चोरी और तस्करी की बात स्वीकार की है। वहीं आरोपी के पास से बरामद हुए मोबाइल फोन में दो नवजात बच्चों की फोटो भी मिली हैं। पुलिस गिरोह के बाकी तीन सदस्यों की तलाश में जुटी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूजा कॉलोनी निवासी हिना का नवजात बच्चा 26 मई को चोरी हुआ था। मामला सामने आने के बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। मामले में पुलिस ने सबसे पहले बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह के सदस्य मनोज उर्फ मोनू और पूजा को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस बाकी 10 सदस्यों तक पहुंची और उन्हें भी दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वह नवजात बच्चों को चोरी कर या उनके माता-पिता को रुपयों का लालच देकर खरीद लेते थे। उसके बाद आंध्र प्रदेश व अन्य राज्यों में डिमांड बच्चों की तस्करी करते थे। हिना के बच्चे को आरोपी आंध्र प्रदेश में एक दंपती को बेचने का सौदा कर चुके थे। हालांकि बच्चे को वहां ले जाने से पहले ही आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। रविवार को गिरफ्तार हुए आरोपी नदीम खान ने भी बच्चों की तस्करी में शामिल होने और गिरोह से जुड़े होने की बात स्वीकार की है।

### विवाहिता का समझौता कराने पहुंचे मां-बेटे को पीटा

**लोनी, यूटर्न/ 22 जून ।** थानाक्षेत्र की रहने वाली एक विवाहिता ने अपने पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि पति व अन्य लोगों ने दहेज की मांग को लेकर पहले उनसे मारपीट की। इसके बाद जब समझौता कराने के लिए उनकी मां और भाई आए तब आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। पीड़िता ने पति पर अवैध संबंध रखने का आरोप भी लगाया है। मामला 9 जून का है और पुलिस ने 20 जून की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में विवाहिता ने बताया कि उनकी शादी 16 फरवरी 2025 को हुई थी। शादी के बाद से पति दहेज की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगा। उन्होंने पुलिस से शिकायत की तब पुलिस ने दोनों पक्षों का फैसला करा दिया। नौ जून को पति ने दोबारा मारपीट की। 19 जून को मां और भाई ससुराल वालों से बातचीत करने पहुंचे। आरोप है कि तब पति, सास, ससुर, जेठ और जेठानी ने उनसे मारपीट की। शोर सुनकर आए पड़ोसियों ने उन्हें बचाया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आपसी विवाद का मामला सामने आया है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### छह किलोग्राम गांजा ले जाते दो लोग गिरफ्तार

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 22 जून ।** थाना पुलिस ने दो लोगों को छह किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। एक आरोपी नंदग्राम निवासी शाहरुख और दूसरा लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित कड़कड़ मॉडल निवासी मोनू है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। दोनों ने पूछताछ में दिल्ली से गांजा खरीदकर लाने की बात स्वीकार की है। प्रभारी एसीपी अमित सक्सेना ने बताया कि पुलिस ने कनावनी पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान आरोपी शाहरुख को पकड़ा।



## भाभी के बनाए भोजन का भरपूर आनंद ले रही हीना खान

छोटे परदे की मशहूर अभिनेत्री हिना खान ने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ खास 'फूडी मोमेंट्स' साझा किए, जिनमें उनकी भाभी नीलम द्वारा तैयार किए गए स्वादिष्ट व्यंजन नजर आए। अभिनेत्री ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों को अपने निजी जीवन की झलक दिखाई है। अभिनेत्री हिना ने इन तस्वीरों के जरिए न केवल खाने के प्रति अपने प्रेम को जाहिर किया, बल्कि अपनी भाभी के प्रति स्नेह और आभार भी व्यक्त किया। अभिनेत्री द्वारा साझा की गई तस्वीरों में सबसे अधिक ध्यान घर पर तैयार किए गए चिकन बर्गर ने आकर्षित किया। खास बात यह थी कि इस बर्गर का बन और मेयोनेज भी घर पर ही तैयार किया गया था। तस्वीर साझा करते हुए हिना ने अपनी भाभी की सराहना करते हुए लिखा कि यह स्वादिष्ट भोजन उनके लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। उनकी पोस्ट से साफ झलक रहा था कि वह घर के बने खाने का भरपूर आनंद ले रही हैं। इसके अलावा हिना ने एक और तस्वीर साझा की, जिसमें पारंपरिक सिंधी व्यंजन 'दाल पकवान' दिखाई दिया।



## खुशी अक्सर साधारण पलों में मिलती है: मनीषा कोइराला

बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला का कहना है कि जीवन की असली खुशियां अक्सर छोटे और साधारण पलों में छिपी होती हैं। मनीषा आजकल थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने शहर की मशहूर टुक-टुक सवारी का अनुभव लिया और उससे जुड़ी तस्वीरें सोशल मीडिया पर प्रशंसकों के साथ साझा कीं। मनीषा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर टुक-टुक में बैठी एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह सजे-धजे अंदाज में शहर की सैर करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने बैंकॉक की सड़कों और वहां के जीवंत माहौल की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा कि टुक-टुक की सवारी ने उन्हें यह एहसास कराया कि खुशी हमेशा बड़े आयोजनों या विशेष अवसरों में ही नहीं, बल्कि साधारण अनुभवों में भी मिल सकती है। अभिनेत्री ने शहर को समझने और महसूस करने के अपने नजरिए को भी साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी शहर की असली पहचान उसकी सड़कों, वहां की हलचल, लोगों, आवाजों और रंगों में छिपी होती है।

# जैकलीन फर्नांडीज

## के नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस में बढ़ी उत्सुकता




जल्द ही अपने करियर की पहली पूर्ण हॉरर फिल्म के साथ बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज दर्शकों के सामने आने वाली हैं। अभिनेत्री इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित बताई जा रही हैं। फिल्म से जुड़ी शुरूआती जानकारियों ने ही दर्शकों और फिल्म प्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार, यह केवल डर और रोमांच तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें भावनात्मक पहलुओं और संगीत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। निर्माताओं का उद्देश्य एक ऐसा सिनेमाई अनुभव प्रस्तुत करना है, जिसमें हॉरर के साथ साथ कहानी और भावनाओं का भी गहरा प्रभाव देखने को मिले। बताया जा रहा है कि जैकलीन इस फिल्म में केंद्रीय भूमिका निभाएंगी, जबकि दो प्रमुख पुरुष कलाकारों का चयन भी किया जा चुका है। हालांकि फिल्म के शीर्षक, निर्देशक और अन्य कलाकारों के नामों को फिलहाल गोपनीय रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण ख्याति मदान के बैनर 'नॉट आउट एंटरटेनमेंट' के तहत बड़े पैमाने पर किया जाएगा। फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द किए जाने की संभावना है। उद्योग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि फिल्म की तैयारियां तेजी से चल रही हैं और कलाकार इन दिनों विशेष वर्कशॉप्स में हिस्सा ले रहे हैं, ताकि अपने किरदारों को बेहतर ढंग से समझ सकें और कहानी की मांग के अनुरूप प्रदर्शन कर सकें।

जानकारी के मुताबिक, फिल्म का एक टीजर और एक गीत पहले ही शूट किया जा चुका है। इससे संकेत मिलता है कि निर्माता जल्द ही दर्शकों के सामने फिल्म की पहली झलक पेश कर सकते हैं। वहीं, मुख्य शूटिंग इसी महीने के अंत तक शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। फिल्म की टीम इसे एक बड़े और अलग तरह के हॉरर अनुभव के रूप में विकसित करने में जुटी हुई है। दिलचस्प बात यह है कि जैकलीन इससे पहले फिल्म 'भूत पुलिस' में दिखाई दे चुकी हैं, लेकिन वह एक हॉरर-कॉमेडी थी, जिसमें डर और हास्य का मिश्रण था। इसके विपरीत यह नया प्रोजेक्ट पूरी तरह हॉरर शैली पर आधारित होगा। ऐसे में यह फिल्म अभिनेत्री के करियर में एक नए अध्याय की शुरूआत मानी जा रही है और दर्शकों को उनका बिल्कुल अलग रूप देखने को मिल सकता है। कामकाज के मोर्चे पर जैकलीन हाल ही में फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आई थीं। इसके अलावा वह आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का भी हिस्सा हैं, जो 26 जून 2026 को रिलीज होने वाली है। अब उनकी पहली पूर्ण हॉरर फिल्म को लेकर बढ़ती चर्चाओं ने प्रशंसकों की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।

## एक ही गलती दोहराने के कारण शतक नहीं लगा पा रहे वैभव

**मुम्बई, यूटर्न/ 22 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी पदार्पण के बाद से ही अपने शानदार प्रदर्शन से छाये हुए हैं पर लगातार एक गलती दोहराने के कारण अपना शतक पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब तक वह चार बर शतक के करीब आकर भी उसे बनाने में विफल रहे हैं। जिससे प्रशंसक भी निराश हैं। भारत ए टीम की ओर से श्रीलंका दौरे में भी वैभव ने यही गलती की है। इससे 94 रनों पर पहुंचने के बाद भी वह शतक नहीं लगा पाये। इसका कारण उनमें धैर्य की कमी को माना जा रहा है। वैभव अगले माह होने वाले इंग्लैंड और आयरलैंड दौरे के लिए सीनियर टीम में शामिल किये गये हैं। ऐसे में प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह एक ही गलती अब नहीं करेंगे। वैभव ने हाल ही में श्रीलंका दौरे पर त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में केवल 29 गेंदों में ही 94 रनों की आतिशी पारी खेली थी जिससे सभी हैरान हो गये थे। इस आक्रामक पारी के बाद भी वैभव शतक के बेहद करीब पहुंचकर भी उसे पूरा नहीं कर पाये। इससे एक बार फिर दिखा कि वह शतक के करीब जाकर गलती कर जाते हैं। श्रीलंका ए के खिलाफ हुए उस फाइनल मुकाबले में वैभव ने पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 11 गेंदों में ही अपने 50 रन पूरे कर लिए।




## मनिका ने एशियाई खेलों के लिए टीम चयन की प्रकिया पर उठाये सवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 22 जून ।** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा 2026 एशियाई खेलों के लिए टीम में जगह नहीं मिलने के बाद से ही निराशा हैं। मनिका ने चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इसमें अधिक पारदर्शिता होनी चाहिये है।आइची-नागोया एशियाई खेलों के लिए 10 सदस्यों की भारतीय टीम में मनिका जगह की प्रबल दावेदार थी पर जिस प्रकार से उन्हें बाहर रखा गया है उससे प्रशंसक भी हैरान हैं। मनिका को केवल रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में जगह मिली है। इस ओलंपियन ने सोशल मीडिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एशियाई खेल 2026 की टीम में चयन नहीं होने से वह हैरान है। इसके लिए उन्हें कोई तर्कसंगत कारण भी नहीं बताया गया है। उन्होंने चयन मापदंडों में विसंगति की ओर संकेत करते हुए कहा, प्रदर्शन में निरंतरता को लेकर सवाल उठाते हैं, क्योंकि मेरे मामले में पिछले चयन चक्र के मुकाबले अलग-अलग पैमाने और बातों को ध्यान में रखा गया है। अगर वही नियम लागू होने थे जो पिछले एशियाई खेलों के चयन में लागू हुए थे, तो स्थिति अलग होती। उन्होंने खेल मंत्री और भारतीय ओलंपिक संघ से अनुरोध किया कि वे इस मामले का संज्ञान लें और चयन के नियमों को पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से लागू करना सुनिश्चित करें।

## फटाफट खबरें

### कतर के रास लाफान गैस प्लांट में धमाके के बाद 54 लोग घायल और 18 लापता

**दोहा, यूटर्न/ 22 जून ।** कतर के मुख्य प्राकृतिक गैस निर्यात इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए एक धमाके में कम से कम 54 लोग घायल हो गए, जबकि 18 अन्य लोग लापता हैं। रविवार रात दुनिया के सबसे अहम एनर्जी हब में से एक, रास लाफान इंडस्ट्रियल एरिया में धमाका हुआ। यह धमाका तब हुआ जब इलाके में चल रहे झगड़ों की वजह से रुकी हुई फैसिलिटी में कामकाज फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही थीं। इस घटना के बाद बरजान गैस सप्लाई फैसिलिटी में जबरदस्त आग लग गई, जिसके बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। सरकारी एनर्जी कंपनी कतर एनर्जी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक्सपोर्ट टर्मिनल के कुछ हिस्सों को फिर से चालू करने का काम चल रहा था, तभी धमाका हुआ। कंपनी के मुताबिक, रविवार रात इसी काम के दौरान बरजान गैस सप्लाई फैसिलिटी में धमाका हुआ और आग लग गई।

### ऑस्ट्रेलिया के पर्यावरण मंत्री बोले, एच5एन1 बर्ड फ्लू के प्रकोप से निपटने को पूरी तरह तैयार

**कैनबरा, यूटर्न/ 22 जून ।** ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि देश घातक ल्ड5ठ1 बर्ड फ्लू के प्रकोप से निपटने के लिए यथासंभव पूरी तरह तैयार है। यह बयान तब आया जब मुख्यभूमि ऑस्ट्रेलिया में इस वायरस के पहले पुष्ट मामले की सूचना दी गई। संघीय सरकार ने शनिवार को पुष्टि की कि 14 जून को दक्षिणी पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पाया गया एक प्रवासी ब्राउन स्कुआ पक्षी एच5एन1 एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) से मर गया था। इसके साथ ही मुख्यभूमि ऑस्ट्रेलिया इस अत्यधिक रोगजनक वायरस स्ट्रेन का पुष्ट मामला दर्ज करने वाला अंतिम महाद्वीप बन गया। सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ब्राडकॉस्टिंग कार्पोरेशन (एबीसी) रेडियो से बातचीत में पर्यावरण मंत्री मुर्रे वाट ने कहा कि यह मामला 'अप्रत्याशित नहीं था' और अधिकारियों ने इस स्ट्रेन के संभावित स्थानीय प्रकोप से निपटने के लिए पिछले दो वर्षों से गहन तैयारी की है।

### ईरान वार्ता में बढ़ी जेडी वेंस की भूमिका, सफलता-नाकामी दोनों का दांव उपराष्ट्रपति पर

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 22 जून ।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ईरान के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संवेदनशील एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कूटनीति का मुख्य चेहरा बनकर उभरे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच चल रही इस उच्च स्तरीय वार्ता की कमान संभाली है, जो मध्य पूर्व के समीकरणों को एक नया आकार दे सकती है। इसके साथ ही, वेंस इस शांति समझौते से जुड़े उन बड़े राजनीतिक जोखिमों का भी सामना कर रहे हैं, जिसकी अमेरिका के रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही दलों के राजनेता कड़ी आलोचना कर रहे हैं। स्विट्जरलैंड में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हो रहे इस वार्तालाप को ट्रंप प्रशासन तेहरान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को एक नया मोड़ देने के इस प्रयास को एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में देख रहा है। वेंस ने पहले कहा था, 'राष्ट्रपति ट्रंप ने हमसे ईरान के लोगों के साथ अपने संबंधों को बदलने के लिए एक नया रास्ता खोलने और मदद के लिए हाथ बढ़ाने को कहा है।' उन्होंने कहा कि अगर ईरान की लीडरशिप इलाके में अस्थिरता और परमाणु हथियारों की चाहत को छोड़ दे, तो अमेरिका ईरान के साथ अपने 'संबंधों को पूरी तरह से बदलने' को तैयार है।

## फोटो स्टोरी



फ्रांस की राजधानी पेरिस में बढ़ती गरमी से राहत पाने के लिए फव्वारे के पानी से नहाते हुए लोग।

### नेतन्याहू ने कहा- 'ईरान के लिए परमाणु हथियार बनाना मुश्किल', बताई वजह

**यरूशलम, यूटर्न/ 22 जून ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया है कि ईरान के लिए परमाणु हथियार संपन्न होना अब कठिन है। उन्होंने इसकी वजह 20 वैज्ञानिकों की मौत को बताया। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिणी लेबनान में बनाए गए सुरक्षा बफर जोन में इजरायल तब तक बना रहेगा, जब तक वह इसे अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक समझेगा। इजरायल द्वारा स्थापित यह बफर जोन दक्षिणी लेबनान में लगभग 602 वर्ग किलोमीटर (230 वर्ग मील) क्षेत्र में फैला हुआ है, जो लेबनान के कुल भू-भाग का लगभग 6% हिस्सा है। नेतन्याहू के अनुसार, इस क्षेत्र में इजरायली सैन्य उपस्थिति का उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और संभावित खतरों को रोकना है। उन्होंने संकेत दिया कि इजरायल इस क्षेत्र से हटने के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय नहीं कर रहा है और स्थिति के आकलन के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा।

# स्विट्जरलैंड ने अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति का किया स्वागत

## 60 दिन के समझौता रोडमैप को बताया सकारात्मक

**» बर्न, यूटर्न/ 22 जून ।**



स्विट्जरलैंड के विदेश मामलों के संघीय विभाग (एफडीएफए) ने यूएस-ईरान की ओर से 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के उद्देश्य से तैयार किए गए रोडमैप का स्वागत किया। विभाग ने मध्यस्थों की ओर से जारी संयुक्त बयान का भी स्वागत किया। दोनों देश मध्य पूर्व में जारी तनाव के संदर्भ में अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं।

स्विट्जरलैंड ने कहा कि 21-22 जून की रात बर्गेनस्टॉक में हुई गहन कूटनीतिक वार्ताओं के दौरान अमेरिका, ईरान और मध्यस्थ देशों (कतर और पाकिस्तान) के बीच हुई रचनात्मक प्रगति उत्साहजनक है। एक फैसिलिटेटर के रूप में स्विट्जरलैंड ने इन वार्ताओं को सकारात्मक दिशा में बढ़ता हुआ बताया। स्विस सरकार ने विशेष रूप से इस बात का स्वागत किया कि दोनों पक्षों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के आधार पर एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने पर सहमति बनाई है। उसके अनुसार, यह कदम राजनीतिक और तकनीकी वार्ताओं के अगले चरण को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में मदद करेगा। स्विट्जरलैंड ने 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने के उद्देश्य से तैयार किए गए रोडमैप का भी स्वागत किया। उसका मानना है कि यह रूपरेखा नई तकनीकी वार्ताओं को तुरंत फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल माहौल तैयार करेगी और बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। अपने बयान में स्विट्जरलैंड ने दोहराया कि वह अपनी पारंपरिक 'गुड ऑफिसेज' (मध्यस्थता और संवाद को बढ़ावा देने की नीति) के तहत इस प्रक्रिया में सहयोग देने के लिए तैयार है।

### ईरान के साथ बातचीत को मध्य पूर्व में बड़े बदलाव के तौर पर देख रहा ट्रंप प्रशासन

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 22 जून ।** ईरान के साथ बातचीत को ट्रंप प्रशासन मध्य पूर्व में बड़े बदलाव के तौर पर देख रहा है। ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि इन बातचीत से मध्य पूर्व में बड़े बदलाव के रास्ते खुल सकते हैं और जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल से ही पूरी नहीं हो पाई थीं, उन महत्वाकांक्षाओं को फिर से बल मिल सकता है।



रविवार को स्विट्जरलैंड में वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ने ईरान के अधिकारियों से मुलाकात की। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन बातचीत को क्षेत्रीय तनाव कम करने, ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और संभवतः अब्राहम समझौते से बने सहयोग के दायरे को बढ़ाने के एक मौके के तौर पर देखा। जेडी वेंस ने कहा, 'राष्ट्रपति ने हमसे ईरान के लोगों के साथ अपने रिश्तों को एक नई दिशा देने के लिए कहा है।' उन्होंने आगे कहा कि अगर ईरान का नेतृत्व क्षेत्रीय अस्थिरता और परमाणु महत्वाकांक्षाओं को छोड़ देता है, तो अमेरिका उस देश के साथ अपने रिश्तों को 'पूरी तरह से बदलने' के लिए तैयार होगा। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने प्रशासन के मकसद को लेकर बताया कि इन बातचीत से एक बिल्कुल अलग क्षेत्रीय व्यवस्था के लिए हालात बन सकते हैं। वाल्ट्ज ने कहा, 'हमें शांति के लिए एक मौका देना चाहिए।'

# कतर के रास लाफान गैस प्लांट में हुए धमाके पर भारत ने जताया खेद

**» दोहा, यूटर्न/ 22 जून ।**

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने रास लाफान इंडस्ट्रियल सिटी में रविवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जिसमें कई लोग झुलस गए या घायल हुए हैं और अधिकारियों के अनुसार कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दूतावास ने कहा कि इस कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में भारत का दूतावास और कतर में रह रहा पूरा भारतीय समुदाय कतर सरकार और वहां के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। दूतावास ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और लापता लोगों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना व्यक्त की।

दूतावास ने सहायता और जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी भी जारी की है। रविवार रात, दुनिया के सबसे अहम एनर्जी हब में से एक, रास लाफान इंडस्ट्रियल एरिया में धमाका हुआ। यह धमाका तब हुआ जब इलाके में चल रहे झगड़ों की वजह से रुकी हुई फैसिलिटी में कामकाज फिर से शुरू करने की कोशिशें



चल रही थीं। इस घटना के बाद बरजान गैस सप्लाई फैसिलिटी में जबरदस्त आग लग गई, जिसके बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। सरकारी कंपनी कतर एनर्जी ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक्सपोर्ट टर्मिनल के कुछ हिस्सों को फिर से चालू करने का काम चल रहा था, तभी धमाका हुआ। कंपनी के मुताबिक, रविवार रात इसी काम के दौरान बरजान गैस सप्लाई फैसिलिटी में धमाका हुआ और आग लग गई। नुकसान का आकलन अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन कतर के गृह मंत्रालय ने बाद में पुष्टि की कि हताहतों की संख्या शुरू में बताई गई संख्या से कहीं अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि धमाके में कम से कम 54 लोग घायल हुए, जबकि घटना के कई घंटों बाद भी 18 लापता कर्मचारियों की तलाश जारी थी। बरजान फैसिलिटी कतर के गैस आधारभूत संरचना का एक अहम हिस्सा है, जिसकी उत्पादन क्षमता लगभग 1.4 बिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक फीट प्रतिदिन है। इसका उत्पादन मुख्य रूप से घरेलू बिजली उत्पादन और डिसेलिनेशन प्लांट (खारे पानी को मीठा बनाने वाले प्लांट) को चलाने के लिए किया जाता है, जो इस सूखे खाड़ी देश में पानी की आपूर्ति करते हैं।

# राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों के बाद ईरान ने स्विट्जरलैंड में अमेरिका से चल रही बातचीत रोकी

**» तेहरान, यूटर्न/ 22 जून ।**

अमेरिका और ईरान के बीच स्विट्जरलैंड में अगले चरण की बातचीत के लिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल इकट्ठा हुए। हालांकि, ईरान के विदेश मंत्रालय ने बताया है कि अमेरिका की धमकियों के बाद ईरान ने स्विट्जरलैंड में चल रही बातचीत में अमेरिका, कतर और पाकिस्तान के साथ चार-पक्षीय बातचीत में अपनी भागीदारी रोक दी है। हालांकि, इससे पहले अमेरिकी अधिकारियों की तरफ से इस खबर को झूठा बताया गया था। तस्नीम



न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि चार-पक्षीय बैठक के दौरान अमेरिका के धमकी भरे बयान के कारण तेहरान ने यह घोषणा की कि वह ऐसी परिस्थितियों में बातचीत में भाग लेना जारी नहीं रखेगा। कतर और पाकिस्तान ने बातचीत जारी रखने की कोशिश की, लेकिन ईरान ने कहा कि वह मीटिंग में हिस्सा नहीं लेगा। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि दूसरे पक्ष को अपने कमिटमेंट पूरे करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाए। तस्नीम न्यूज एजेंसी के अनुसार, दूसरे पक्ष के भरोसे को तोड़ने, खासकर इजरायल के सीजफायर के लगातार उल्लंघन को लेकर चिंता जताई गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को तेहरान को चेतावनी दी कि 'लेबनान में अपने ज्यादा पैसे वाले प्रॉक्सी को तुरंत रोके, नहीं तो अमेरिका ईरान पर बहुत जोरदार हमला करेगा।' हालांकि, ट्रंप ने जिस वक्त ये बयान दिया, उस समय स्विट्जरलैंड में दोनों देशों के बीच बातचीत जारी थी।

अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने लिखा, 'ईरान को लेबनान में अपने ज्यादा पैसे वाले प्रॉक्सी को परेशानी पैदा करने से तुरंत रोकना होगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो हम ईरान पर फिर से बहुत जोरदार हमला करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे हमने पिछले हफ्ते किया था, बस और जोरदार!!!'

अमेरिका और ईरान के बीच रविवार को स्विट्जरलैंड में देर रात तक बातचीत जारी रही। ऐसे में अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि चर्चा सक्रिय रही और उन्होंने विश्वास जताया कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा शुरू की गई वार्ता से ईरान के परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज स्ट्रेट और लेबनान में नाजुक युद्धविराम पर प्रारंभिक प्रगति हुई है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *